Raj Express (Indore), 22nd August 2026, Page - 05



आईआईटी इंदौर में जुटे केमिकल एक्सपर्ट्स

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग ने द्विवार्षिक ओपन हाउस का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों को ऑयल-गैस और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में करियर के गुर बताए गए। विभाग ने 12 अक्टूबर को होने वाले दूसरे मालवा केमिकल कॉन्क्लेव 2026 की घोषणा भी की, जिसमें इंडस्ट्री, एकेडमिया और नीति-निर्माता एक मंच पर जुटेंगे। एक्सपर्ट ने रिन्यूएबल एनर्जी में करियर की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। टोटलएनर्जीज के सीनियर एसेट मैनेजर सतीश अग्रवाल बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। विभाग के संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिनमें केमिकल प्रोसेसेस डिजाइन एंड इंटेलिजेंस कार्यक्रम के नवप्रवेशित एमटेक विद्यार्थी व बीटेक और पीएचडी के विद्यार्थी शामिल थे। संकाय सदस्यों ने अपनी जारी शोध गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया।

12 अक्टूबर को मालवा केमिकल कॉन्क्लेव

उद्योग जगत के बदलते रुझान

मुख्य संबोधन में सतीश अग्रवाल ने अपने औद्योगिक अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को केमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सार्थक व सफल करियर के निर्माण के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने आईआईटी में शैक्षणिक जीवन से लेकर उद्योग जगत में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों तक विभिन्न पहलुओं पर बात की। समापन संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। इस संवाद ने विद्यार्थियों को उद्योग जगत के बदलते रुझानों व अपने शैक्षणिक अभिरुचियों को भविष्य के व्यावसायिक अवसरों के साथ जोडने के लिए आवश्यक कौशल के संबंध में व्यावहारिक दृष्टिकोण दिया।

कॉन्क्लेव का दूसरा संस्करण

विभाग ने मालवा केमिकल कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण की भी घोषणा की। इसका आयोजन 12 अक्टूबर को आईआईटी इंदौर में किया जाएगा। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य शिक्षाविदें, उद्योग जगत और नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाकर समकालीन औद्योगिक चुनौतियों पर चर्चा करना व ज्ञान के आदान-प्रदान और सहयोग के माध्यम से नवोन्मेषी व वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक अभियांत्रिकी समाधानों की संभावनाओं का अन्वेषण करना है।